C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:34 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:53 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 255 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

बच्चों और परिवार के साथ अल्लू...पेज-3 पर

## आज पहाड़ों में बदलेगा मौसम, मैदान में राहत के आसार कम

देहरादून
हमारे संवाददाता

आज पहाड़ों में मौसम का मिजाज बदलेगा। हालांकि मैदान में राहत के आसार कम है उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है।

अप्रैल के शुरुआती दिनों से गर्मी की तपिश मैदान से लेकर पहाड़ तक लोगों को परेशान करने लगी है। हालांकि, मंगलवार को प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में मौसम बदलने की संभावना है, लेकिन मैदानी इलाकों में राहत के आसार कम हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है, जबकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। आने वाले दिनों की बात करें तो पर्वतीय इलाकों में 11 अप्रैल तक मौसम बिगड़ने के आसार हैं। प्रदेशभर के अधिकतर हिस्से में बिजली चमकने के साथ कुछ इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार के आंकड़ों पर नजर डालें तो दून का अधिकतम तापमान 35 के पार रहा। इसके चलते रात के न्यूनतम तापमान में भी इजाफा देखने को मिला। यहां दिन का तापमान सामान्य से पांच डिग्री बढ़ोतरी के साथ 35.9 और रात का न्यूनतम तापमान भी दो डिग्री इजाफे के साथ 18.2 डिग्री रहा। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों का भी रहा।

पंतनगर और मुक्तेश्वर में दिन का तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। जबकि, मुक्तेश्वर और नई टिहरी में रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा रहा।



## News कॉर्नर

### चिड़ियाघर जाने को पर्यटकों को अब पैदल नहीं जाना पड़ेगा

**नैनीताल ।** नैनीताल में चिड़ियाघर को जाने वाले पर्यटकों को अब पैदल नहीं जाना पड़ेगा अब वह शटल सेवा के माध्यम से चिड़ियाघर पहुंच सकेंगे। सोमवार को पालिकाध्यक्ष डाक्टर सरस्वती खेतवाल तथा पालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी ने शटल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि फिलहाल शटल सेवा में चार वाहनों का संचालन किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी के मुताबिक प्रति सवारी आने जाने के लिए 70 रुपया तय किया गया है। कहा कि नए वाहन में चालक के अलावा चार सवारियां बैठ सकती हैं। कहा कि हाईकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद वाहनों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के सभासद पूरन सिंह बिष्ट समेत सुरेश कुमार,मनोज साह जगाती तथा रमेश कुमार आदि मौजूद थे।

### टैक्सी बाइकों के संचालन में रोक लगाने को लेकर डीएम से की वार्ता

**नैनीताल ।** जिला प्रशासन की ओर से नैनीताल में 2017 के बाद पंजिकृत टैक्सी बाइकों के संचालन में रोक लगने के बाद कई लोगों का रोजगार प्रभावित हुआ है। जिसके चलते टैक्सी बाइक चालकों ने बैठक कर डीएम से मिलकर वार्ता करने की मनसा जताई है। सोमवार को नैनीताल में टैक्सी बाइक चालकों ने बैठक कर उनका रोजगार ठप होने की बात कही। उन्होंने कहा कि नो पार्किंग जोन से बाइकों को हटवाने के फैसले का वह सम्मान करते हैं । लेकिन शहर में चलने पर प्रतिबंध लगाने जैसे फैसले ने उनको बेरोजगार कर दिया है। जिसको लेकर वह डीएम से वार्ता कर बीच का रास्ता निकालने की मांग करेंगे। टैक्सी बाइक यूनियन के अध्यक्ष संजय सिरोही ने बताया कि इस विषय पर वह डीएम से वार्ता करेंगे। अगर डीएम की ओर से उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन करेंगे।

हेली सेवा की बुकिंग दो से 31 मई तक के लिए होगी

## चारधाम यात्रा को आज से टिकट की ऑनलाइन बुकिंग

देहरादून
हमारे संवाददाता

दो मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुल रहे हैं। अभी हेली सेवा की बुकिंग दो से 31 मई तक के लिए होगी। आगे की यात्रा के लिए दोबारा से बुकिंग की तिथि घोषित की जाएगी। चारधाम यात्रा के लिए केदारनाथ हेली सेवा के टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग आठ अप्रैल से शुरू होगी। आईआरसीटीसी की वेबसाइट को दोपहर 12 बजे बुकिंग के लिए खोला जाएगा। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण की सीईओ सोनिका ने बताया कि केदारनाथ हेली सेवा की बुकिंग के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुप्तकाशी, सिरसी व फाटा हेलिपैड से केदारनाथ के लिए हेली सेवा का संचालन किया जाएगा। आईआरसीटीसी की वेबसाइट heliyatra.irctc.co.in पर हेली टिकटों की बुकिंग की जाएगी। पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सीओ साइबर अंकुश मिश्रा को दी गई है। सोशल मीडिया पर विशेषतौर पर निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।



### फर्जीवाड़ा रोकने के लिए साइबर थाने में टीम गठित

केदारनाथ हेली सेवा के लिए आज से बुकिंग शुरू हो रही है। इंटरनेट पर साइबर ठगों का जाल भी बिछा है। पिछले साल 85 फर्जी वेबसाइट और 45 फेसबुक पेज साइबर पुलिस ने बंद कराए थे। हेलिकॉप्टर से केदारनाथ जाने का मन बना रहे हैं तो इंटरनेट पर बिछे साइबर ठगों के जाल से बचना होगा। जरा सी चूक आपको ठगी का शिकार बना सकती है। फर्जीवाड़े पर अंकुश के लिए इस बार पहले से साइबर थाने में चार लोगों की टीम गठित कर दी गई है। टीम का पर्यवेक्षण सीओ साइबर अंकुश मिश्रा करेंगे। बता दें कि मंगलवार से हेली सेवा की बुकिंग शुरू हो रही है। हर साल हेली सेवाओं के नाम पर देशभर के लोगों से ठगी की जाती है। ठग केदारनाथ हेली सेवा बुक करने के नाम पर लोगों से प्रति व्यक्ति हजारों रुपये लेकर उन्हें फर्जी टिकट तक भेज देते हैं।

## सड़क हादसे में बाईक सवार दो युवकों की मौत

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

चौकी सिडकुल क्षेत्र में डिवाइडर से टकराकर बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस और सीपीयू पहुंची। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग भी पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक 21 वर्षीय मोहित पुत्र जगपाल सिंह निवासी घास मंडी थाना रुद्रपुर और 22 वर्षीय योगेश चौधरी पुत्र रामवीर चौधरी निवासी शांति विहार कॉलोनी रुद्रपुर सोमवार को हल्द्वानी काठगोदाम गए हुए थे। सोमवार की रात करीब 10ः30 के आसपास वह बाईक से वापस रुद्रपुर की ओर आ रहे थे। रात साढ़े 11 के आसपास उनकी बाईक पारले चौक के पास डिवाइडर से टकरा गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान वहां से गुजरने वालों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कोहली पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को लोगों की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसका पता चलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

मंगलवार सुबह पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोर्चरी में लोगों की भीड़ लगी हुई है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पार्षद सुशील चौहान समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। बताया जा रहा है कि मृतकों में योगेश ने बी फार्मा का डिप्लोमा कोर्स कर लिया था और मेडिकल स्टोर खोलने की तैयारी कर रहा था।


मृतकों की फाइल फोटो

**हादसा**
- हल्द्वानी से आते समय सिडकुल क्षेत्र में डिवाइडर से टकराई थी बाईक,परिवार में कोहराम

## पाल-पोषकर काबिल बनाया और आईफोन के लिए माता-पिता को जान देने की धमकी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

जिस पुत्री को माता-पिता ने पढ़ाया-लिखाया उसी ने ही अपने परिजनों को जहर खाकर जान देने की धमकी दे दी। जिससे परिजनों के हाथ पांव फूल गए में आ गए,जहां एक पुत्री ने ही अपने बुजुर्ग पिता को जहर खाकर जान देने की धमकी दे डाली है। पिता पुत्री की इस धमकी से इतना आहत हो गया कि बुजुर्ग पुलिस की शरण में जा पहुंचा। पुत्री की धमकी से बुजुर्ग पिता ने एसएसपी नैनीताल को पुत्री की करतूत बताते हुए एक पत्र लिखा वह पत्र जांच के लिए कोतवाली पुलिस के पास पहुंचा लिखे पत्र में बुजुर्ग पिता का कहना था उनकी पुत्री आईफोन मांग रही है। पत्र में उस व्यक्ति ने लिखा कि उनकी 27 वर्षीय पुत्री है। जिसने स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है। उसके हर शौक को पूरा करने का भरसक प्रयास किया है। कुछ दिन पहले बेटी ने उससे 54 हजार के आइफोन की डिमांड की है। पूरा न करने पर आत्महत्या की धमकी दी है। इतना ही नहीं वह पुत्री अपने पिता को गाली गलौज भी कर रही है जिससे बुजुर्ग पिता काफी भयभीत है कोतवाल राजेश कुमार ने बुजुर्ग पिता की बात सुन एक महिला दरोगा के द्वारा उसे पुत्री को बुलाकर उसे समझने का प्रयास किया और उसकी काउंसलिंग कराई लेकिन आईफोन की दीवानी पुलिस की भी एक बात सुनने को राजी नहीं थी घंटे के बाद उसे आईफोन की दीवानी पुत्री की समझ में बात आई तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली।

## पुलिस ने अंतर्राज्यीय कुख्यात नशा तस्कर गिरफ्तार किया

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

नानकमत्ता पुलिस ने पहाड़ी जनपदों पर नशे की सप्लाई करने वाला अंतराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में स्मैक बरामद की है।

गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ जनपद के अलावा अन्य जनपद में भी एनडीपीएस एक्ट समेत कई अन्य धाराओं में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। उत्तराखंड को नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत एसएसपी मणिकांत मिश्रा द्वारा नशे के विरुद्ध व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत नानकमत्ता पुलिस ने एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी व सीओ खटीमा के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा नशे के विरुद्ध प्रभावी रोकथाम के लिए क्षेत्र में पैदल गश्त व पेट्रोलिंग की कई टीमें गठित की गई है। टीम ग्राम बिचई पर चैकिंग कर रही। तभी पुलिस को नशा तस्कर चमकौर उर्फ चमकी का पार्टनर बूटा सिंह जो जनपद चंपावत के लोहाघाट थाने से वांछित चल रहा है। वह इस समय अपने गांव में आया हुआ है। पुलिस ने गांव को चारों ओर से घेर लिया और कुख्यात नशा तस्कर बूटा सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी ग्राम हरैया बिचई थाना नानकमत्ता को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने बूटा सिंह से लगभग 80 ग्राम अवैध स्मैक( हीरोइन) बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि जब से पुलिस ने नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की है तो वह कुछ समय के लिए राजस्थान भाग गया था। वह कुछ समय पहले ही वहां से वापस आया है। तस्कर ने पहाड़ी जनपदों के नशा तस्करों के बारे में भी पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी दी है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस उक्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। पुलिस नशा तस्कर की नशा बेचकर कमाई संपत्ति की जांच करेगी। पुलिस तस्कर को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस टीम में एसआई संजय सिंह, एसएसआई कृपाल सिंह। हेड कांस्टेबल अजीत सिंह, प्रकाश आर्य, धनराज सिंह, शुभम सैनी, महिला कांस्टेबल बबीता शामिल रहे।



**अभियान**
- 80 ग्राम स्मैक (हीरोइन) बरामद, जिसकी कीमत लगभग 25 लाख रुपए

# कुमाऊं विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

## महिला अध्ययन केंद्र का नाम माता जियारानी महिला अध्ययन केंद्र करने हेतु लोकार्पण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि नैनीताल के महिला अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में सोमवार से जनजातीय सांस्कृतिक विरासत एवं स्वदेशी प्रथाएं विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरु हो गयी है। संगोष्ठी शुरु होने से पूर्व सोमवार को महिला अध्ययन केंद्र का नाम माता जियारानी महिला अध्ययन केंद्र करने हेतु लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत और अल्मोड़ा विवि के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट तथा महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा ने नारियल तोडक़र केंद्र का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रोफेसर ललित तिवारी तथा डॉ महेंद्र सिंह राणा प्रोफेसर चंद्रकला रावत प्रोफेसर सावित्री जंतवाल तथा संजय पंत अभियंता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ देवदार सभागार में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ तथा कुलगीत एवं राष्ट्रगान के साथ केंद्र की निदेशक प्रोफेसर नीति बोरा शर्मा ने सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया तथा जस्टिस राजेश टंडन विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यो के लिए कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया जिसमें प्रोफेसर चित्रा पांडे आशा शर्मा लीला वनियाल व सविता गिरी शामिल रही। संगोष्ठी की मुख्य वक्ता प्रोफेसर नुसरत खान जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी तथा प्रोफेसर पिंकी शर्मा दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए जनजातीय महिला अधिकारों पर चर्चा की तथा उससे संबंधित कानून और उसकी जागरूकता के बारे में अपने विचार रखे। कहा कि जनजातीय समाज भारत के इतिहास और पहचान का एक अनिवार्य हिस्सा हैं उनकी परम्पराओं को समझने से हमें भारत की सांस्कृतिक विविधता को समझने और जानने में मदद मिलती है। इस अवसर पर डॉक्टर जगदीश पंत जो कि जनजातीय भाषा विशेषज्ञ हैं की पुस्तक उत्तराखंड की बुक्सा जनजाति भाषा और साहित्य का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर ललित तिवारी ने किया। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति राजेश टंडन कुलपति प्रोफसर दिवान एस रावत तथा कुलपति सतपाल बिष्ट दिल्ली विश्वविद्यालय की डॉ पिंकी शर्मा प्रोफेसर विजय रानी ने विचार रखे तथा कहा कि जनजाति को अधिकारों की जानकारी सहित उन्हें विज्ञान के साथ मुख्य धारा में लाने की जरूरत आज भी है। डॉ किरण तिवारी ने सभी का धन्यवाद किया तथा सभी अतिथियों को शॉल ओढाकर तथा पौधा भेट किया गया। तकनीकी सत्र में डॉक्टर संदीप बडोनी ने जनजातीय विरासत और स्वदेशी प्रथाएँ पर अपना व्याख्यान दिया तथा शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया टेक्निकल सेशन में डॉक्टर रितेश शाह प्रोफेसर चंद्रकला रावत का विशेष सहयोग रहा आज राष्ट्रीय संगोष्ठी में लीगल बिंदुओं पर चर्चा भी हुई।




## NEWS / फटाफट

### सुंदर कांड का आयोजन व भजन कीर्तन किए

**नैनीताल।** राम नवमी के अवसर पर पैलेस रिजॉर्ट सोसाइटी मल्लीताल नैनीताल में मातृ शक्ति द्वारा सुंदर कांड और माता के भजन कीर्तन का सफलता पूर्ण आयोजन किया गया। जिसमें सोसाइटी के अलावा आस पास के लोगो ने भी अपना सहयोग दिया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मैया के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजन को सफ ल बनाने में सुनीता राणा जानकी दीक्षा भट्ट हेमा पांडे हेमा रावत मधु दरमवाल सुलेखा स्नेहलता उपाध्याय मोहिनी सरिता बिष्ट प्रेम मेहरा पूनम चौहान तथा मुन्नी देवी आदि उपस्थित रही।

### महेंद्र नागर पुनः राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत



**हल्द्वानी।** पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार सुबोध कांत सहाय ने उत्तराखंड के महेन्द्र नागर को पुन: राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया। नागर के अलावा पूर्व सांसद असम विष्णु प्रसाद को उपाध्यक्ष, पूर्व सांसद बंगाल डी.पी रॉय को उपाध्यक्ष, डॉ. अशोक चौहान यू पी उपाध्यक्ष, परेश कुमार देसाई गुजरात उपाध्यक्ष, के ए मनोहरण तमिलनाडु उपाध्यक्ष, सुंदरी तिर्कि राची आदि को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। नागर के मनोनयन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट,मेयर नगर निगम हल्दवानी गजराज सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, अखिल भारतीय पंचायत परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अशोक चौहान, महामंत्री अनिल शर्मा, पंचायत संदेश के प्रधान संपादक बद्रीनाथ, राज्यमंत्री उत्तराखंड श्रीमती रेनु अधिकारी,राज्यमंत्री उत्तराखंड दिनेश आर्य,पूर्व राज्यमंत्री हेमंत द्रिवेदी, पूर्व राज्यमंत्री अजय राजोर, भाजपा जिलाध्यक नैनीताल प्रताप सिंह बिष्ट, शिव सेना प्रदेश अध्यक्ष गौरव कुमार,शिव सेना नेता रुपेन्द्र नागर,पूर्व पार्षद हरिमोहन अरोरा, पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता, पूर्व छात्र संघ कोसाध्यक्ष संदीप कुकसाल, पूर्व छात्र संघ सचिव योगेंद्र बिष्ट व्यापारी नेता हर्षवर्धन पांडे,के अलावा देव तिवाड़ी, संजय राजोर, सक्षम सक्सेना,ऋषभ तिवाड़ी, अमित सक्सेना,आदि ने हर्ष व्यक्त किया!

### कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नैनीताल।** केंद्रीय विद्यालय भीमताल में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुशीला तिवारी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हल्दवानी उत्तराखंड से आई डॉक्टरों की टीम ने छात्रों और शिक्षकों को जीवन रक्षक तकनीकों की जानकारी दी। प्रशिक्षण का नेतृत्व डॉक्टर राहुल सक्सेना द्वारा किया गया उनके साथ डॉक्टर आराधना डॉक्टर प्रियंका डॉक्टर कृतिका डॉक्टर फ रहान डाक्टर श्रेया डाक्टर साहिल एवं डॉक्टर स्तुति ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण में डॉक्टर राहुल सक्सेना व् उनकी टीम ने विद्यार्थियों को यह सिखाया गया कि आपातकालीन स्थिति में हृदयगति रुक जाने पर कैसे केवल सीने पर दबाव देकर किसी की जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षकगण एवं छात्र छात्राए भी उपस्थित रहे। अंत में अमित कुमार पीजीटी हिन्दी केवि भीमताल द्वारा डॉक्टर राहुल सक्सेना और उनकी टीम को विद्यालय की ओर से धन्यवाद दिया गया और विद्यार्थियों ने इस उपयोगी प्रशिक्षण के लिए आभार व्यक्त किया।

### चरस के साथ पकड़े गए आरोपी को सुनाई सजा

**नैनीताल।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम श्री विक्रम की अदालत ने एक किलो चरस के साथ पकड़े गए आरोपी को 12 साल के कठोर कारावास व 1 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 16 दिसम्बर 2017 को रेलवे फाटक हल्द्वानी में एक युवक भुवन लाल पुत्र गंगाराम निवासी कुंवरपुर बागजाला गौलापार को पुलिस ने 1 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस रिपोर्ट,गवाहों के बयान व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूजा साह के तर्कों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को एन डी पी एस एक्ट में दोषी करार देते 12 साल के कठोर कारावास की सजा व 1 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।



# पहले बल्लेबाजी करते हुए हंटर्स ने 15 रनों से विजय प्राप्त की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

डीएसए मैदान में आयोजित स्वर्गीय एन के आर्या मैमोरियल क्रिकेट कप में दूसरे दिन यानी सोमवार को पहला मुकाबला हंटर्स इलेवन और नो नेम के मध्य खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए हंटर्स ने 135 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए नो नेम केवल 119 रन ही बना सकी। जिसमें हंटर्स ने 15 रनों से विजय प्राप्त की। हंटर्स की ओर से धीरज ने तीन विकेट लेकर जीत को आसान बनाया। दूसरा मुकाबला स्टार इलेवन पाली एवं अयार जंगल रिसॉर्ट के मध्य खेला गया।पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टार इलेवन की टीम ने 170 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए अयार जंगल रिसोर्ट की टीम 138 रन ही बना सकी। जिसमें स्टार इलेवन ने 32 रनों से जीत दर्ज की। यश ने स्टार 11 की ओर से 55 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली एवं एक विकेट भी लिया। अंपायर सौरव रावत बिलाल अहमद वंश कनौजिया हरीश आर्य तथा प्रमोद कुमार रहे। स्कोरर सचिन नितिन मेहरा मुकुल एवं मुहम्मद अब्बास रहे। इस दौरान संयोजक मोहित आर्य आयोजन समिति के सदस्य मुकेश कुमार हरीश सिंह राणा सुमित कुमार अनिल कुमार विपिन तथा प्रदीप उप्रेती आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# दशमी के मौके पर सुंदरकांड व भजन कीर्तनों का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल शेरवानी स्थित शिव मंदिर में चैत्र नवरात्रि की दशमी के मौके पर सोमवार को सुंदरकांड व भजन कीर्तनों का आयोजन किया गया जिसमें नैनीताल नगर पालिका की पालिकाध्यक्ष डॉक्टर सरस्वती खेतवाल सहित काफी संख्या में महिला भक्तों ने भागीदारी की।

बता दें कि नारायननगर वार्ड के पालिका सभासद भगवत सिंह रावत के तत्वाधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में सैनिक स्कूल वार्ड की सभासद लता दफौटी का भरपूर सहयोग रहा। पालिकाध्यक्ष डॉक्टर सरस्वती खेतवाल भी इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने इस आयोजन की जमकर सराहना की। धार्मिक अनुष्ठान में सभासद भगवत रावत के सभी पारिवारिक जनों के अलावा शेरवानी क्षेत्र सैनिक स्कूल गोपाला सदन वैभरली आर्मडेल प्राधिकरण कम्पाउंड ओक पार्क मोहन पार्क तथा चीना हाउस पॉलिटेक्निक पिटरिया एटीआई सहित आसपास की महिला भक्तों ने भागीदारी की। सुंदरकांड व भजन कीर्तनों के दौरान प्रसादएफल व आलू के गुटके आदि वितरण भी हुआ।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभय भंडारी का चयन राज्य की अंडर-20 फुटबॉल टीम में चयन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

स्पोर्ट्स हॉस्टल हल्द्वानी के प्रतिभाशाली फुटबॉल खिलाड़ी अभय भंडारी का चयन उत्तराखंड राज्य की अंडर-20 फुटबॉल टीम में हुआ है। वह छत्तीसगढ़ में आगामी दिनों में होने वाली स्वामी विवेकानंद फुटबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।

अभय के साथ ही एक और युवा फुटबॉलर तनिष्क भंडारी का भी चयन राज्य टीम में हुआ है। गौला बैराज, काठगोदाम निवासी अभय भंडारी के पिता दीपक भंडारी वरिष्ठ पत्रकार और मां पुष्पा भंडारी गृहिणी हैं। अभय ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा हल्द्वानी के गुरुतेग बहादुर स्कूल से की, और बाद में 11वीं और 12वीं की पढ़ाई देहरादून स्थित डीएवी स्कूल से की। 15 जुलाई 2022 में उनका चयन देहरादून स्पोर्ट्स कॉलेज में हुआ। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने फिर से हल्द्वानी के स्पोर्ट्स हॉस्टल में दाखिला लिया और वर्तमान में एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी से बीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। अभय के पिता, वरिष्ठ पत्रकार दीपक भंडारी ने बताया कि बचपन से ही उन्होंने अभय के भीतर छुपी खेल प्रतिभा को पहचान लिया था। अभय ने अपनी मेहनत और जुनून के बल पर खुद को एक बेहतरीन फुटबॉलर साबित किया है। अभय के राज्य फुटबॉल टीम में चयन की खबर के बाद उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा है और अभय के उज्जवल भविष्य की कामना की है। शुभचिंतकों ने उम्मीद जताई है कि अभय अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे।



# दो दिवसीय संगोष्ठी में आशा शर्मा को सम्मानित किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र के द्वारा सोमवार को नैनीताल में आदिवासी जनजाति के रहन-सहन और उनके उत्थान विषयक दो दिवसीय संगोष्ठी में आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष व समाजसेवी आशा शर्मा को महिला सशक्तिकरण सम्मान- 2025 से सम्मानित किया गया।

बता दें यह सम्मान कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत और हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश राजेश टंडन द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में कई विभूतियों ने भाग लिया। आशा फ ाउंडेशन द्वारा लगातार पिछले 5-6 वर्षों से चल रही कार्य के तहत अध्यक्ष आशा शर्मा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके द्वारा किए गए महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के तहत यह सम्मान दिया गया। समारोह में आशा शर्मा ने बताया कि उनके लिए यह सम्मान बहुत अहम है क्योंकि महिलाओं को जागरूक करने का लगातार गांव-गांव में जाकर कार्य किया जा रहा है फिर चाहे वह स्वास्थ्य के प्रति कैंसर को लेकर हो या उनके अधिकारों के प्रति हो या फिर महिलाओं के दायित्वों के प्रति हो सभी को लेकर आशा फाउंडेशन द्वारा लगातार यह मुहिम पहाड़ के दूर दराज के क्षेत्र में जारी है। इस मौके पर आशा शर्मा ने महिला अध्ययन केंद्र की डायरेक्टर प्रोफेसर नीता बोरा शर्मा समेत प्रोफेसर किरण तिवारी और प्रोफेसर ललित तिवारी का तहे दिल से आभार व्यक्त किया।



# अभिमत

## पालन करना मुश्किल

*क्षेत्रवादी और जातिवादी सोच राज्य निर्माण के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले आंदोलनकारियों का अपमान है। दरअसल विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में असंसदीय भाषा और क्षेत्रवादी बयानों की वजह से विवाद हो गया था। मामला सदन से सड़क तक पहुंच गया और मंत्री को इस्तीफा देना पड़ गया। मुख्यमंत्री ने इस मामले के उल्लेख करने से परहेज किया, लेकिन उनका इशारा साफ है। अब सवाल यह उठता है कि क्या मुख्यमंत्री अपने कथन का पालन करेंगे? नेता आदर्शवादी भाषण देने के माहिर हैं, आदर्श पर कायम रहने वाले नगण्य हैं।*

राजनीति में धार्मिक दुर्भावना, जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद का बोलबाला है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्षेत्रवाद और जातिवाद की सोच पर कड़ा प्रहार करते हुए, इसे विभाजनकारी और मातृभूमि के खिलाफ बताया। क्षेत्रवादी और जातिवादी सोच राज्य निर्माण के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले आंदोलनकारियों का अपमान है। दरअसल विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में असंसदीय भाषा और क्षेत्रवादी बयानों की वजह से विवाद हो गया था। मामला सदन से सड़क तक पहुंच गया और मंत्री को इस्तीफा देना पड़ गया। मुख्यमंत्री ने इस मामले का उल्लेख करने से परहेज किया, लेकिन उनका इशारा साफ है। अब सवाल यह उठता है कि क्या मुख्यमंत्री अपने कथन का पालन करेंगे? नेता आदर्शवादी भाषण देने के माहिर हैं, आदर्श पर कायम रहने वाले नगण्य हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जरूर अपने बयान का अक्षरशः पालन करते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि क्षेत्रवाद की भावना से राज्य आंदोलनकारियों का अपमान है। यही बात इस्तीफा देने वाले मंत्री ने भावुक होकर रोते हुए कही थी कि उन्होंने राज्य आंदोलन में समर्पित होकर हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री धामी का यह कहना महत्वपूर्ण है कि उत्तराखंड का कोई भी व्यक्ति यदि संकीर्ण क्षेत्रवाद की बात करता है तो वह राज्य निर्माण के लिए आंदोलनकारियों के साथ अन्याय करता है। उत्तर प्रदेश से पर्वतीय क्षेत्र को अलग करके पृथक राज्य निर्माण के आंदोलन में सभी धर्म, जाति, समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया था, परन्तु राज्य का गठन होते ही सरकारी कर्मचारियों से विकल्प चुनने को कहा गया, जिसमें पूछा गया कि उत्तराखंड में रहना है अथवा उत्तर प्रदेश में जाना है। उसी समय से क्षेत्रवाद की भावना बलवती हो गई। उत्तराखंड के जो लोग देश के अन्य राज्यों में रह रहे हैं, उनके साथ कोई भेदभाव नहीं होता है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने से पहले और बाद में सभी वर्गों ने क्षेत्र के विकास में योगदान किया। पलायन करने वालों को देश के अन्य क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाएं नजर आईं और वह वहां रह रहे हैं। जो लोग राज्य बनने से पहले और उसके बाद भी यहां पर रह रहे हैं, उनके साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। संकीर्ण मानसिकता वाले अक्सर टिप्पणी करते रहते हैं। राजनीतिक दलों और विभिन्न संगठनों को दुर्भावना फैलाने वालों की मानसिकता बदलनी होगी।

# जमरानी मोटर मार्ग चौड़ीकरण को आवाजाही रहेगी बंद

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नैनीताल विकास खण्ड, भीमताल के अन्तर्गत अमृतपुर - जमरानी मोटर मार्ग के 1.050 कि.मी. से 1.270 कि.मी. (डहरा क्षेत्र) में जमरानी बांध परियोजना के तहत चौड़ीकरण हेतु पेड़ों के पातन की अनुमति प्रदान किए जाने एवम् अमृतपुर - जमरानी मोटर मार्ग के चौड़ीकरण, रॉक बोल्टिंग, शॉटक्रीट के माध्यम से सुरक्षात्मक कार्य करवाए जाने हेतु मोटर मार्ग में डम्परों के आवागमन को पूर्ण रूप से बन्द करवाए जाने का परियोजना प्रबंधक द्वारा अनुरोध किया गया है।

उक्त दोनों प्रकरण में तहसीलदार, नैनीताल को पुलिस क्षेत्राधिकारी, नैनीताल, जिला खान अधिकारी, नैनीताल, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, हल्द्वानी (नैनीताल), वनाधिकारी, मनोरा रेंज एवं सम्बन्धित विभाग के साथ संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर आख्या तैयार कर उपलब्ध कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

उक्त के क्रम में परियोजना प्रबन्धक ने उक्त मोटर मार्ग के चौड़ीकरण, रॉक बोल्टिंग, शॉटक्रीट के माध्यम से सुरक्षात्मक कार्य करवाए जाने हेतु कल से 05 मई तक पूर्ण रूप से बन्द किए जाने का अनुरोध किया गया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए अपर जिला अधिकारी पी आर चौहान ने बताया कि शासकीय कार्यहित एवं जनहित में उक्त कार्यदायी संस्था (परियोजना प्रबन्धक, उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवम् निर्माण निगम लिमिटेड, स्थित कार्यालय, दमुवाढूंगा, काठगोदाम) को उपरोक्तानुसार कार्य किए जाने हेतु विकास खण्ड, भीमताल (नैनीताल) के अन्तर्गत अमृतपुर - जमरानी मोटर मार्ग के 1.050 कि.मी. से 1.270 कि.मी. (डहरा क्षेत्र) में जमरानी बाँध परियोजना के तहत अमृतपुर - जमरानी मोटर मार्ग के चौड़ीकरण, रॉक बोल्टिंग, शॉटक्रीट के माध्यम से सुरक्षात्मक कार्य करवाए जाने हेतु मोटर मार्ग में डम्परों के आवागमन के दृष्टिगत जनमानस की सुरक्षा हेतु दिनॉक- 08-04-2025 से दिनॉक- 07-05-2025 तक 01 माह तक पूर्ण रूप से बन्द किया जाता है।

उन्होंने उक्त मोटर मार्ग को बन्द किए जाने से पूर्व कार्यदायी संस्था (परियोजना प्रबन्धक, उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवम् निर्माण निगम लिमिटेड स्थित कार्यालय, दमुवाढूंगा, काठगोदाम) को जनहित में सम्बन्धित क्षेत्र के ग्रामीणों के वाहनों के आवागमन हेतु उक्तानुसार मोटर मार्ग के चौड़ीकरण आदि कार्य पूर्ण होने तक अपने स्तर से स्वयं के व्यय पर वैकल्पिक मार्ग तैयार करना सुनिश्चित करेगी। कार्यदायी संस्था (परियोजना प्रबन्धक, उत्तराखण्ड परियोजना विकास एवम् निर्माण निगम लिमिटेड, स्थित कार्यालय, दमुवाढूंगा, काठगोदाम) पेड़ों के पातन के विषय में वन विभाग से विधिवत् अनुमति प्राप्त करना सुनिश्चित करेगी।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ARUSHI GOEL से बदलकर AARUSHI GOYAL रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे AARUSHI GOYAL नाम से जाना पहचाना जाए। - **आरूषी गोयल पुत्री विकास गोयल, शैल कुंज हीरा नगर, हल्द्वानी (नैनीताल)**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र KUSHAGRA GOEL का नाम बदलकर KUSHAGRA GOYAL रख लिया है। अतः भविष्य में मेरी उपरोक्त संतान को KUSHAGRA GOYAL नाम से जाना पहचाना जाए। - **विकास गोयल, शैल कुंज हीरा नगर, हल्द्वानी (नैनीताल)**

# प्रांतीय स्वास्थ्य सेवा संघ से जुड़े चिकित्सक एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन करेंगे

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता




उत्तराखंड में कार्यरत प्रांतीय स्वास्थ सेवा संघ से जुड़े चिकित्सक 11अप्रैल यानी शुक्रवार को देहरादून स्थित स्वास्थ्य महानिदेशालय में एकत्रित होकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन करेंगे।

सोमवार को नैनीताल में संघ के अध्यक्ष डॉक्टर नरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि इस प्रदर्शन में नैनीताल के समस्त चिकित्सक भी प्रतिभाग करेंगे। बताया कि विभागीय उपेक्षा और बर्षों से लम्बित मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया जा रहा है। कहा कि संघ की ओर से तीन प्रमुख मांगे शासन की ओर से रखी गई हैं जिसमें पर्वतीय क्षेत्रों में सेवा दे रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों को मेडिकल कॉलेजों में तैनात विशेषज्ञ चिकित्सकों की तरह ही 50 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन देने समेत नैनीताल टिहरी व अल्मोड़ा तथा मसूरी को पुर्न दुर्गम क्षेत्र में शामिल करने तथा एसडीएसीपी में शिथिलीकरण दिया जाना है जिसका शाषनादेश भी है लेकिन जानबूझकर इस प्रकरण को सचिवालय की ओर से लटकाया जा रहा है। कहा कि अभी तक इन सब विषयों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है। कहा कि चिकित्सकों की ओर से यह मांगें काफी लम्बे समय से उठाई जा रही हैं लेकिन शासन की उदासीनता के चलते चिकित्सकों में रोष व्याप्त है। और वह स्वास्थ मंत्री तथा सचिव से तत्काल कार्यवाही की मांग करते हैं। कहा कि शीघ्र ही उपरोक्त मांगों पर निर्णायक कार्यवाही नहीं होती है तो आंदोलन को व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा। पत्रकार वार्ता म डॉ सुधांशु सिंह, डॉ अभिषेक गुप्ता,डा प्रियांशु श्रीवास्तव, डॉ मोनिका कांडपाल आदि डॉ उपस्थित थे।

# फिल्मी दुनिया

## बच्चों और परिवार के साथ अल्लू अर्जुन ने मनाया अपना जन्मदिन



*अभिनेता अल्लू अर्जुन आज 43 साल के हो गए हैं। इस मौके पर उनकी पत्नी ने एक्टर के जन्मदिन के सेलिब्रेशन की झलक दिखलाई है। तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन आज अपना 43वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर उन्हें फिल्म जगत से जुड़े लोग बधाइयां दे रहे हैं। अभिनेता ने अपना बर्थडे अपने परिवार के साथ मिलकर मनाया। जिसमें उनकी पत्नी और उनके बच्चे शामिल रहे। अल्लू अर्जुन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी ने अभिनेता के जन्मदिन के सेलिब्रेशन की एक झलक उनके फैंस को दिखाई है। अल्लू अर्जुन की पत्नी स्नेहा रेड्डी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अभिनेता को बर्थडे विश करते हुए एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में अल्लू अर्जुन पत्नी स्नेहा और अपने दोनों बच्चों बेटे अयान और बेटी अरहा के साथ केक काटते नजर आ रहे हैं। इस दौरान अल्लू अर्जुन काले कपड़ों में नजर आ रहे हैं। उनके साथ में उनका बेटा और बेटी भी खड़े हैं। इस स्टोरी को शेयर करते हुए स्नेहा ने बड़े ही साधारण तरीके से सिर्फ हैप्पी बर्थडे लिखा है। साथ में दिल और नजर वाले इमोजी का इस्तेमाल किया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अल्लू अर्जुन आखिरी बार पिछले साल रिलीज हुई अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2' में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और कमाई के कई रिकॉर्ड स्थापित किए थे। 'पुष्पा 2' एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे तेलुगु समेत कई भाषाओं में रिलीज किया गया है। ये 2021 में आई फिल्म 'पुष्पाः द राइज' का सीक्वल है। दोनों फिल्मों में अल्लू अर्जुन के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आई हैं। अब अल्लू अर्जुन निर्देशक एटली की अगली फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसको लेकर काफी बज क्रिएट हो रहा है।*

# गोष्ठी में कर्मचारियों के कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में निर्देश दिए

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



पुलिस महानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र रिधिम अग्रवाल द्वारा सोमवार को कुमायूँ परिक्षेत्र के समस्त जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में उनके द्वारा प्रमुख रुप से कर्मचारियों के कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में निर्देश दिए गए। कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार पुलिस की कल्याणकारी योजना के तहत रेंज स्तर पर पहल पुलिस की आवासी सुविधा को 20-21 प्रतिशत से बढाकर 30 प्रतिशत तक किये जाने हेतु रेंज स्तर पर पहल के बारे में बताया। कर्मचारियों के वेल्फेयर के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने अवगत कराया गया कि वर्तमान समय में पुलिस विभाग में नियुक्त कर्मचारियों को वर्तमान में 20-21 प्रतिशत सरकारी आवास उपलब्ध करा पा रहे हैं जिसे मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कर्मचारियों के कल्याणकारी योजना के तहत बढाकर 30 प्रतिशित तक किये जाने हेतु परिक्षेत्रीय स्तर पर पहल करते हुए जनपदों को निर्देशित किया कि आपके जनपदों में कुल कितने कर्मचारी हैं और कितनों को आवासीय सुविधा मिल रही है। इस सम्बन्ध में समस्त जनपद प्रभारियों का निर्देशित किया कि अधिक से अधिक कर्मचारियों को आवासी सुविधा प्रदान किये जाने हेतु एक मास्टर प्लान तैयार करते हुए जिन थाना चौकियों के पास अपनी भूमि है लेकिन आवासीय भवन नहीं है उनके निर्माण हेतु साइड सलैक्शन करते हुए आंगणन तैयार कर लागत बजट लिए प्रस्ताव प्रेषित किये जाये।

# जिला बार एसोशिएशन की नवनियुक्त कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला बार एसोशिएशन की नवनियुक्त कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को आयोजित किया गया जिसके बाद नवनियुक्त कार्यकारणी ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल व विशिष्ट अथिति उत्तराखण्ड बार काउंसिल के अध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह पाल रहे। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल द्वारा जिला बार संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष भगवत प्रसाद समेत सचिव दीपक रुबाली उपाध्यक्ष शंकर चौहान उप सचिव दीपक दत्त पांडेय समेत वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य प्रीति साह तारा आर्या शशांक




कुमार गौरव कुमार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जज सुबीर कुमार ने की। इससे पहले न्यायालय परिसर में पहुचे अतिथियों का बार संघ ने स्वागत किया। मुख्य अतिथि व उच्च न्यायालय न्यायाधीश राकेश थपलियाल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए नैनीताल बार के 111 वर्ष के गरिमामयी इतिहास को बनाये रखने की बात कही। बार काउंसिल के चैयरमेन डाक्टर महेंद्र सिंह पाल ने सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर अधिवक्ता हित में कार्य करने को कहा। एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने कहा कि अधिवक्ता साथियो ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौपी है वे इस कसौटी पर सौ फ ीसदी खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कहा कि बार द्वारा पारित प्रत्येक प्रस्ताव का सम्मान करना सभी अधिवक्ताओं का कर्तव्य है वे हमेशा अधिवक्ता हित को आगे रखकर ही कार्य करेंगे जबकि सचिव दीपक रुबाली ने कहा कि वह जिला न्यायालय में नए न्यायालयों की स्थापना के प्रयास करने के साथ ही अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अधिवक्ता कल्याण के लिये कार्य करेंगे। समारोह में न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओ के लिये सह भोज भी आयोजित किया गया। इस दौरान सीनियर सिविल जज हर्ष यादव समेत सीजेएम रवि प्रकाश सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सभागार में बैठक आयोजित

**नैनीताल ।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सभागार में सोमवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की एक बैठक आहुत की गयी। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा वर्ष 2024-2025 में जारी किये गये नये कार पास ही लेक ब्रिज व अधिवक्ताओं के लिए आरक्षित कार पार्किगों में मान्य होंगे। इससे पूर्व वर्षों में जारी किये गये कार पासों को निरस्त माना जायेगा। नये कार पास प्राप्त करने हेतु अधिवक्ताओं को 30 अप्रैल 2025 तक का समय निर्धारित की गई है। बैठक का संचालन वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा किया गया।

### टेंट हाउस में लगी आग, लोगों में दहशत

**हल्द्वानी।** नगर के डहरिया क्षेत्र स्थित पार्वती बिहार में सोमवार सुबह एक भीषण आग लगने की घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया। एमके टेंट हाउस में लगी आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों का नुकसान हो चुका था।टेंट हाउस के मालिक महेश कबड़वाल ने बताया कि आग में करीब छह लाख रुपये मूल्य की टेंट सामग्री, एक मोटरसाइकिल और उनका पालतू कुत्ता जलकर खाक हो गया। उन्होंने आशंका जताई कि यह आग पास में बैठे कुछ शरारती तत्वों की लापरवाही से लगी, जो कथित रूप से नशे की हालत में वहां आग जलाकर छोड़ गए थे।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में नशे के आदी युवकों की आवाजाही आम हो गई है, जिससे क्षेत्रवासियों में भय का माहौल है। हालांकि फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक टेंट हाउस पूरी तरह जल चुका था।

# सातवें दिन भगवान राम-सुग्रीव की मित्रता के वर्णन ने दर्शकों को मोहा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

तृतीय वर्ष के सप्तम दिवस पर पुनर्नवा महिला समिति द्वारा महिला रामलीला का आयोजन पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौस्तुबानंद जोशी कार्यालय सचिव, भाजपा, गोपाल पाल, गौरव अग्रवाल, रूपेंद्र नागर (शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष और हरिओम अरोड़ा थे।

मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और उपस्थित दर्शकों को आशीर्वाद दिया। रामलीला के इस मंचन में सीता के हरण के बाद राम और सुग्रीव की मित्रता को दर्शाया गया, जिसमें हनुमान ने राम को सुग्रीव से मिलवाया और सुग्रीव ने राम से अपनी मदद और समर्थन का वादा किया। इस दौरान, राम और लक्ष्मण जंगल में भटकते हुए सीता के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं और उन्हें जटायु से यह खबर मिलती



है कि रावण ने सीता का हरण किया है। हनुमान, जो सुग्रीव के मित्र हैं, राम और लक्ष्मण से मिलते हैं और उन्हें सुग्रीव से मिलवाते हैं।

सुग्रीव, जो बाली के भय से वन में छिपा हुआ था, राम को अपनी मदद का वचन देता है। रामलीला के इस मंचन में कई प्रमुख पात्रों ने अपनी भूमिका का सजीव प्रदर्शन किया। राम का पात्र मानसी रावत, लक्ष्मण का पात्र लक्षिता जोशी, हनुमान का पात्र भगवती बिष्ट, और सुग्रीव का पात्र प्रिया कश्मीरा ने निभाया। इसके अलावा, बाली का पात्र किरण धर्मसत्तू, तारा का पात्र ज्योति, संपाति का पात्र स्नेहा कश्यप, जामवंत का पात्र नीतू रौतेला, बाल अंगद का पात्र निर्विका नेगी, नल-नील का पात्र जानकी सामंत और शबरी का पात्र लीला कोठारी ने निभाया। कार्यक्रम में बंदर सेना की भूमिका गरिमा, खुशी, मनस्वी, श्रेया और वैभवी ने निभाई, जबकि जोकर का पात्र रितु कांडपाल ने किया।

# भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवा का जखीरा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**कार्रवाई**

- **गाजियाबाद से लेकर आ रहा था दवा की तस्करी कर तस्कर**
- **हजारों की नगदी भी बरामद, किच्छा पुलिस और एएनटीएफ टीम की संयुक्त कार्रवाई**

पुलिस ने एएनटीएफ के साथ संयुक्त कार्रवाई में गाजियाबाद से तस्करी कर लाई भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवा का जखीरा बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर के पास से तीस हजार की नकदी भी बरामद की है। उसके विरुद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक प्रशिक्षु आईपीएस निशा यादव के निर्देश पर दरऊ चौकी प्रभारी हेम चंद तिवारी नशा तस्करी की सूचना पर कांस्टेबल प्रशांत नेगी के साथ सोमवार रात दस बजे लालपुर क्षेत्र में देवस्थली विद्यापीठ के पास संदिग्धों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एएनटीएफ टीम भी वहा पहुंच गई ।तभी एक व्यक्ति पीठ पर बैग टांगे जा रहा। टीम ने उसकी घेराबंदी कर उसकी तालाशी ली तो प्रतिबंधित दवा बुप्रेनोर्फिन की 380 गोलियों सहित एविल 275 इंजेक्शन व तीस हजार की नकदी बरामद हुई। उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह दवा गाजियाबाद से लेकर आ रहा। पूछताछ में पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम सुरेंद्र सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी वार्ड नंबर पांच रेलवे क्रॉसिंग बंडिया भट्टा किच्छा बताया।दवा वहां के समीर मेडिकल स्टोर के नाम से खरीदी थी। पैमेंट ऑनलाइन किया। पुलिस के मुताबिक पुलिस ने रात में जब ड्रग इंस्पेक्टर नीरज कुमार से संपर्क किया तो उन्होंने फ़ोन ही नही उठाया। पुलिस ने जब उसके पास से बरामद मोबाइल की छानबीन की तो समीर मेडिकल का नंबर भाईजान के नाम से सेव मिला। पुलिस पकड़े गए तस्कर से जानकारी ले स्थानीय चेन को डिकोट करने की दिशा में जुट गई है। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# आग बुझाने को तत्काल व्यवस्था करने के निर्देश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने रामगढ़ क्षेत्र के सीमायल रैकवाल तथा बडैत और शीतला ग्राम पंचायत में वन अग्नि की सूचना मिलते ही वन विभाग के कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक डा.धीरज पांडे समेत कंजरवेटर तथा सहित जिलाधिकारी नैनीताल को आग बुझाने जाने के लिए तत्काल व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए।

बता दें कि सोमवार को सांसद श्री भट्ट को जैसे ही जानकारी मिली कि रामगढ़ के शीतला ग्राम पंचायत क्षेत्र और बडैत सहित सीमायल रेकवाल में वन अग्नि की सूचना मिलते ही श्री भट्ट ने तत्काल धीरज पांडे कुमाऊं चीफ और कंजरवेटर विनय भार्गव सहित जिलाधिकारी वंदना सिंह और डीएफओ से वार्ता करते हुए वन अग्नि से निपटने के लिए पर्याप्त राहत भेजने के निर्देश दिए। श्री भट्ट बताया कि मौके पर तत्काल एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की गाडियां सहित फ ायर वाचर सही बन विभाग के अधिकारी सहित प्रशासन के अधिकारी भी पहुंच कर आग बुझाने के कार्य में जुट गए हैं।

भट्ट ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जंगलों के आसपास कूड़ा निस्तारण सहित आग लगने के संभावनाओं को कम करने के लिए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार व आवश्यक कार्रवाई की जानी बेहद आवश्यक है। इसके अलावा श्री भट्ट ने आग बुझाने के कार्यों में लगे प्रशासनिक मशीनरी और ग्राम सभा के लोगों का आभार जताते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया है।

### यूटिलिटी खाई में गिरी, दो की मौत, आठ घायल

**टिहरी।** हादसे का शिकार लोग भागवत कथा सुनकर वापस आ रहे थे। लोदस गांव के पास अचानक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा।

उत्तराखंड के टिहरी जिले में घनसाली के चमियाला के पास देर शाम दर्दनाक हादसा हो गया। एक यूटिलिटी वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। जानकारी के अनुसार घटना के वक्त वाहन में 20 लोग सवार थे। यह सभी लोग भागवत कथा सुनकर वापस आ रहे थे। लोदस गांव के पास अचानक वाहन अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। अन्य 12 लोग सकुशल बच निकले हैं। थानाध्यक्ष संजीव थपलियाल ने बताया कि घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा गया है।

### पार्किंग स्थलों पर टैक्सी बाइकों की जगह पार्क हो रही चार पहिया वाहन

**नैनीताल ।** तल्लीताल में टैक्सी बाइकों के लिए बने पार्किंग स्थलों पर टैक्सी बाइकों से पहले ही चार पहिया वाहन पार्क होने लगे हैं। पार्किंग स्थलों के बाहर बैनर लगने के बाद भी न तो लोग नियमों का पालन कर रहे हैं ना ही विभाग ही नियमों का पालन करा पा रहा है। बता दें कि शहर से टैक्सी वाहनों को हटाने से पूर्व ही प्रशासन की ओर से उनके पार्किंग के लिए धर्मशाला में पार्किंग स्थल बनाया था।

# माँ हांडा देवी हॉटमिक्स प्लांट व उमा स्टोन क्रशर मामले में जारी किया नोटिस

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी के विकास खंड डुंडा के ग्राम हिटाणु में गाँव के समीप चल रहे माँ हांडा देवी हॉटमिक्स प्लांट व उमा स्टोन क्रशर के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने दोनों को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई तीन सप्ताह की तिथि नियत की है साथ में कोर्ट ने याचिकाकर्ता से शपथ पत्र पेश करने को कहा है। मामले के अनुसार गंगा घाटी विकास समिति हिटाणु की तरफ से जनहित याचिका दायर कर कहा है कि तहसील डुंडा के ग्राम हिटाणु में नियम विरुद्ध तरीके से माँ हांडा देवी हॉटमिक्स प्लांट व उमा स्टोन क्रशर चल रहे हैं जिसकी वजह से उनकी कृषि भूमि पानी के स्रोत व पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। हॉटमिक्स प्लांट व स्टोन क्रेशर के दिनरात चलने के कारण नवजात शिशुओं की श्रवण क्षमता पर असर पड़ रहा है यही नहीं ग्राम वासी ढंग से सो तक नहीं पा रहे हैं। भरे ट्रकों से माल भेजने के लिए वन विभाग की कच्ची सडक़ का स्तेमाल किया जा रहा है। विभाग से इसकी अनुमति तक नही ली गयी। जब इसकी शिकायत प्रशासन से की गई तो इसका विरोध करने वाले लोगों के ऊपर तीन तीन मुकदमे दर्ज करा दिए गए। इसकी डर से ग्रामीण पलायन करने को मजबूर हो रहे है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की है कि इसपर रोक लगाई जाए।

# पुरानी जगह पहुंची ठेलियां, पुलिस ने खदेड़ा,कई ठेडियां जब्त की

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क से हटवाई गई ठेलिया पुरानी जगह पहुंची तो पुलिस ने खदेड़ दिया। पुलिस की कार्रवाई के चलते ठेली वालों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने कई ठेलियों को जब्त भी कर लिया।

सोमवार को कोतवाल मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में पुलिस फोर्स गांधी पार्क रोड पहुंचा। कोतवाल ने ठेली वालों को अपनी अपनी ठेलियों को हटाने का फरमान जारी कर दिया। इससे वहां पर हड़कंप मच गया। ठेली वाले अपनी अपनी ठेलियों को लेकर दौड़ते नजर आए। ठेली वाले पुलिस से कुछ दिनों की मोहलत मांगते दिखाई दिए। मगर पुलिस ने किसी की नहीं सुनी।




कोतवाल मनोज रतूड़ी ने ठेली एक घंटे के भीतर न हटने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

कोतवाल की चेतावनी के कुछ देर में ठेली वाले ठेली लेकर भागते नजर आए। पुलिस ने कई ठेली जब्त भी कर चौकी भिजवा दी। कोतवाल का कहना था कि गांधी पार्क रोड पर ठेली नहीं लगेगी। नगर निगम प्रशासन ने जिस जगह पर दुकानें दी है , वहीं पर दुकानें लगाएं। इस दौरान एसएसआई ललित मोहन रावल, एसएसआई नवीन बुधानी, एसआई देवेन्द्र सिंह मेहता,एसआई अमित, दिनेश कुमार, दीप चंद्र,नरेश जोशी समेत पीएसी तैनात रहे। बता दें कि रविवार को भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने डॉ अम्बेडकर पार्क को खाली कराने को लेकर प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के बाद निगम ने अंबेडकर पार्क खाली करा दिया। सभी ठेलियां पुरानी जगह पर आ गई। बता दें कि हटाने की रहे।

नगर निगम ने निगम के सामने वेंडिंग जोन तैयार किया है। उसमें कुछ ठेली वालों को दुकानें एलाटमेंट हो गई। इधर ठेली वालों का कहना था कि वेडिंग जोन में व्यवस्थाएं नहीं है।